पंजाब केसरी 08/09/2024

विद्यार्थियों को ऑनलाइन होने वाली अप्रिय घटनाओं के बारे में किया जागरूक

अम्बाला, 7 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कालेज की एन.एस.एस. यूनिट द्वारा साइबर सुरक्षा पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को ऑनलाइन होने वाली अप्रिय घटनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि आज ऑनलाइन ठगी पूरे जोर पर है। विभिन्न राज्यों में कई तरह के असामाजिक गिरोह काम कर रहे हैं और न जाने कितने ही भोले भाले लोगों को वित्तीय हानि का शिकार बनाते हैं। आज के इस डिजिटल युग में इस प्रकार की धोखाधड़ी से बचने के लिए साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी एवं ज्ञान ही सहायक सिद्ध हो सकता है।

मुख्य वक्ता डा. उपेंद्र कौर ने बताया कि आज हमें पग-पग पर संभलने एवं सचेत होने की जरूरत है। हम सभी जरूरत पड़ने पर कई जगह पर अपना आधार कार्ड नंबर एवं पैन कार्ड नंबर सांझा करते हैं जिसका खामियाजा हमें भविष्य में भुगतना पड़ता है। हमें कभी भी अपना कोई भी निजी पासवर्ड या फोन नंबर पर आए ओ.टी.पी. को किसी के साथ सांझा नहीं करना चाहिए। यहां तक कि कभी भी विदेशी अनजाने नंबरों से आ रहे कॉल को नहीं उठाना चाहिए।

कार्यक्रम अधिकारी डा. सरोज ने बताया कि साइबर सुरक्षा आज विश्व का मुद्दा है तथा हमें सावधान होकर बैंकिंग प्रक्रिया करनी चाहिए। डा. अनीश ने बताया कि अंजाने वीडियो कॉल को कभी भी नहीं उठाना चाहिए और न ही किसी के साथ अपने बैंक की डिटेल सांझी करनी चाहिए और हमें स्वयं इसके बारे में जागरूक होकर दूसरों को जागरूक करना चाहिए।

जी.एम.एन. कालेज में साइबर सुरक्षा पर आयोजित व्याख्यान में भाग लेते विद्यार्थी। (देवदत्त)